प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 08.09.2024 समय : 01:00 पी.एम.

....

प्रदेश में कई स्थानों पर लगातार हो रही बारिश से जहां जलाशयों में पानी की अच्छी आवक हो रही है। वहीं कई जगह अतिवृष्टि के हालात बनने से लोगों को समस्याओं का सामना भी करना पड रहा है। प्रदेश के कई छोटे बडे बांध लबालब हो गये है जिनसे अतिरिक्त पानी निकाला जा रहा है। विभिन्न जिला प्रशासनों ने डूब क्षेत्र में बसे लोगों से सावधानी बरतने और कहीं दूर जाने की अपील की है। केकडी जयपुर रोड़ पर डाई नदी की रपट में तेज बहाव के चलते आज एक कंटेनर ट्रक बह गया। हालांकि स्थानीय लोगों ने चालक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। वहीं बालोतरा के सांभरा में बरसाती पानी से भरे एक गड्डे में नहाने उतरे एक बच्चे की डूबने से मृत्यु हो गई। राजधानी जयपुर में रूक–रूक कर कभी तेज तो कभी हल्की बरसात का दौर जारी है। भरतपुर और डीग जिलों में भी बारिश के यही हालात है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों में सबसे ज्यादा 11 सेंटीमीटर बारिश अलवर के कठुमर में हुई। विभाग ने आज भी अधिकतर स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश की संभावना व्यक्त की है। अलवर, दौसा, भरतपुर, जयपुर और अजमेर जिलों में कहीं–कहीं भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

....

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा है कि राज्य में नये जिलों की समीक्षा की जा रही है। उन्होंने आज भीलवाडा में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि राज्य में नये जिलों के संबंध में बनायी गयी उच्च स्तरीय कमेटी ने अपनी समीक्षा रिपोर्ट पेश कर दी है। इसके आधार पर जल्द ही कोई निर्णय लिया जायेगा। श्री राठौड़ ने कहा कि भाजपा सदस्यता अभियान को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं और आम जनता में काफी उत्साह है। पार्टी का लक्ष्य प्रदेश में और अधिक लोगों को इससे जोड़ना है, ताकि संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत किया जा सके। श्री राठौड़ इसके बाद उदयपुर के लिए रवाना हो गए।

....

जयपुर में गणेश चतुर्थी के उपलक्ष्य में भर रहे मेले के तहत आज भगवान गणेश की शोभायात्रा निकाली जायेगी। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड शोभायात्रा के मुख्य रथ की आरती करेंगे। इसके बाद ये यात्रा मोती डूंगरी रोड़ स्थित गणेश जी मंदिर से रवाना होकर विभिन्न मार्गो से होते हुए गढ़ गणेश मन्दिर तक पहुंचेगी। शोभायात्रा के मद्देनजर शहर में यातायात के विशेष प्रबंध किये गये है।

....

प्रदेशभर में ऋषि पंचमी आज धार्मिक उल्लास के साथ मनायी जा रही है। इस दिन का खास महत्व सप्त ऋषियों की पूजा से जुड़ा है। ऋषि पंचमी पर विभिन्न समाज में बहने भाईयों को राखी भी बांधती हैं।
टोंक और सवाईमधोपुर में इस मौके पर विविध आयोजन हो रहे हैं। आश्रमों में ऋषियों को रक्षा सूत्र बांधे जा रहे हैं। जैसलमेर के प्राचीन तीर्थ वैशाखी के कृष्ण कुण्ड में श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की और स्नान किया। पाली के लाखोटिया सरोवर घाट पर लोगों ने पितरों का तर्पण किया। इस अवसर पर व्रत रखकर घरों में मणीचा के आटे से बनी खाद्य सामग्री का सेवन किया जा रहा है। इसी के साथ आज से दिगम्बर जैन समाज का दशलक्षण पर्व भी शुरू हुआ। पहला दिन उत्तम क्षमा दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। डूंगरपुर के दिगम्बर जैन मंदिरों और जिनालयों में भगवान नेमीनाथ का अभिषेक का किया गया। शामलाजी ऊंडा मन्दिर में ध्वजारोहण किया गया और पूजा की गई। सवाईमाधोपुर में भी जैन मंदिरों में अष्ट द्रव्यों से पूजन विधान के आयोजन हो रहे है।

....

भीलवाडा के सवाई भोज और देवनारायण जन्मस्थली मालासेरी में मेला आयोजित किया जा रहा है। देवनारायण भगवान का मुख्य मेला कल भरेगा। मेले में आस–पास के राज्यों से बडी संख्या में

श्रद्धालु पहुंच रहे है। आज शाम मेला स्थल पर भजन संध्या का आयोजन होगा। इसके साथ ही हनुमानगढ़ के बाबा सुखासिंह और बाबा महताब सिंह गुरूद्वारा में कल से जोड मेला शुरू होगा। इसके लिए गुरूद्वारों को विशेष रूप से सजाया गया है। आज फोर्ट स्कूल के मैदान में दीवान सजाये जायेंगे। इसमें संत और कथा वाचक गुरू की महिमा का बखान करेंगे। इधर नागौर के झोरडा में लोक देवता हरी राम बाबा का मुख्य मेला आज आयोजित हो रहा है। हर वर्ष भाद्रपद माह में आयोजित होने वाला ये दो दिन का मेला कल से शुरू हुआ। मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा के दर्शन के लिए पहुंच रहे है।

....